# Vehicle for Hire




**बुलेटिन # 003**
**लिमोज़ीन प्लेट लाइसेंस नवीनीकरण**

**2026 अगस्त**

---

लिमोज़ीन प्लेट लाइसेंस (L.P.L.) के नवीनीकरण की 2026 की अवधि जल्द ही शुरू होने वाली है। व्हीकल फॉर हायर को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने कुछ ऐसे अपडेट जारी किए हैं जिनसे आपकी लिमोज़ीन प्लेट का नवीनीकरण करना आसान और अधिक लचीला हो गया है।

2026 में नवीनीकरण की अवधि से शुरूआत करते हुए, नंबर प्लेट धारक अपने लिए सबसे उपयुक्त नवीनीकरण विकल्प चुन सकते हैं। यह कुछ चीज़ें हैं जो बदल रही हैं:

अब आप हमारे नए व्हीकल फॉर हायर पोर्टल के माध्यम से अपनी लिमोज़ीन प्लेट को ऑनलाइन रिन्यू कर सकते हैं—इसके लिए व्यक्तिगत रूप से आने की कोई आवश्यकता नहीं है!

1. **पोर्टल तक पहुंचने से पहले कृपया वहिकल फॉर हाइर कार्यालय से अपना ईमेल सत्यापित कर लें**
2. पोर्टल तक पहुंचने के लिए vehicleforhire.calgary.ca पर जाएं या नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

यदि आप चाहें तो व्यक्तिगत रूप से नवीनीकरण करा सकते हैं— वहिकल फॉर हाइर कार्यालय में यह सेवा पहले की तरह ही उपलब्ध रहेगी।

2026 में, किसी व्यक्ति द्वारा धारित लिमोज़ीन प्लेट के नवीनीकरण के बाद, उसकी समाप्ति तिथि **प्लेट धारक की जन्मतिथि** के अनुरूप हो जाएगी। ब्रोकरेज के पास मौजूद लिमोज़ीन नंबर प्लेट की वैधता अवधि हर साल सितंबर में ही रहेगी।

लिमोज़ीन प्लेट लाइसेंस (L.P.L.) का नवीकरण शुल्क 340 डॉलर है।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं या आपको नए ऑनलाइन नवीनीकरण विकल्प के संबंध में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया हमसे संपर्क करें: वहिकल फॉर हाइर कार्यालय से संपर्क करें।

यह सूचना अम्हारिक्, अरबी, फ्रेंच, हिन्दी, पंजाबी, सोमाली और उर्दू में अनुवादित है। दस्तावेज़ों को देखने के लिए यहाँ क्लिक करें।

भवदीय,

**क्रिस्टिन मैरियट**
डिप्टी चीफ, वहिकल फॉर हाइर
एमर्जेंसी मैनेजमेंट और कम्यूनिटी सेफ्टी